Title: Need to undertake developmental works in tribal areas and allot forest land to Adivasis in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत नर्मदा जिले के डिडिया पाडा एवं सागबारा तालुकों में एवं भरूच जिले के झगड़िया तालुक के अंतर्गत आदिवासियों हेतु विकास संबंधी कार्य जैसे सिंचाई परियोजनाएं, स्कूल निमार्ण, सड़क निर्माण इत्यादि कार्य नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण आदिवासी लोग विकास संबंधी सुविधाओं से पूरी तरह से वंचित है । दूसरी ओर संसद ने वन अधिकार के अंतर्गत जो कानून पास किया है उसके तहत आदिवासी लोगों को वन क्षेत्र की जमीन का वन संबंधी कानून के कारण जमीन आबंटन नहीं हो पा रहा हे ।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि आदिवासी क्षेत्रों में विकास संबंधी कार्य किए जायें और वन अधिकार के अंतर्गत आदिवासी लोगों को रहने एवं खेतीबाड़ी करने हेतु वन क्षेत्र की जमीनों का आबंटन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ।